विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 313 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 14 अगस्त 2025 डाक 15 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**

समाजवादी पार्टी के नेता लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए...



**देश-विदेश**

हिमाचल में हाहाकार... तीन जगह फटे बादल आठ पुल बहे, तीन पंचायतों से कटा संपर्क



**अंचल से**

स्वतंत्रता दिवस पर एमजेएम हॉस्पिटल का अनोखा तोहफा - 'लाड़ली स्वागत उत्सव'




## पहाड़ी में नक्सली कमांडर ढेर, डीआरजी और आईटीबीपी जवानों को मिली बड़ी सफलता



**बस्तर 14 अगस्त ।** कांकेर-बस्तर सीमा के मंडा पहाड़ पर हुई मुठभेड़ में आरकेबी डिवीजन की सेंट्रल कमेटी के सचिव विजय रेड्डी (इनाम 25 लाख) और डिविजनल कमेटी मेंबर लोकेश सलामे (इनाम 10 लाख) मारे गए। पुलिस के अनुसार, मंडा पहाड़ पर दोपहर भारी बारिश के बीच डीआरजी और आईटीबीपी जवानों की माओवादियों से मुठभेड़ हुई, जो शाम तक जारी रही। फायरिंग थमने के बाद दोनों शव बरामद हुए। विजय रेड्डी फंडिंग और रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाता था, जबकि लोकेश सलामे के आत्मसमर्पण के प्रयास दो साल से चल रहे थे। वहीं छत्तीसगढ़ में मारे गए दोनो नक्सलियों के शव देर रात मोहला पहुंचे, जहां शवों का पीएम किया जाएगा, जिसके बाद संभवतः इस पूरे ऑपरेशन को लेकर अधिकृत प्रेस कांफ्रेस कर पूरी जानकारी साझा करेगी।

## हम विवाद नहीं, समाधान चाहते हैं..., आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नईदिल्ली, 14 अगस्त [एजेंसी]।**

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज एक बार फिर सुनवाई जारी है। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई शुरू कर दी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 8 हफ्तों में दिल्ली की सड़कों से आवारा कुत्ते हटाने का निर्देश दिल्ली सरकार को दिया था। अब सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हम इस मुद्दे का समाधान चाहते हैं , न कि इस पर विवाद होना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि कोई भी जानवरों से नफरत नहीं करता और हम भी इसका हल चाहते हैं।



आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने भी 11 अगस्त के उस आदेश का विरोध किया, जिसमें अधिकारियों को आवारा कुत्तों को आश्रय गृहों में रखने का निर्देश दिया गया था।

उन्होंने कहा कि कुत्तों के काटने की घटनाएं तो होती हैं, लेकिन इस साल दिल्ली में रेबीज से एक भी मौत नहीं हुई। बेशक, कुत्तों का काटना बुरा है, लेकिन आप इस तरह की भयावह स्थिति पैदा नहीं कर सकते।ॉ सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि ये मामला बड़ा है और इसे अभी सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आदेश पर रोक लगनी चाहिए।

## अभिनेता दर्शन की जमानत रद्द सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



**दिल्ली।** रेणुकास्वामी मर्डर केस में कन्नड़ एक्टर दर्शन को दी गई जमानत रद्द करने संबंधी कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज फैसला सुना दिया है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 24 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। पुलिस ने आरोप लगाया कि पीड़ित को जून 2024 में तीन दिनों तक बंगलूरू के एक शेड में रखा गया। वहां उसे प्रताड़ित किया गया और उसका शव एक नाले से बरामद किया गया। राज्य सरकार की याचिका पर शीर्ष अदालत ने 24 जनवरी को अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा और अन्य को मामले में नोटिस जारी किए।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो मोस्ट वांटेड अपराधी गिरफ्तार, पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस बरामद



**पंजाब।** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पटियाला-अंबाला हाईवे पर शंभू गांव के पास एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी एक सनसनीखेज अपराध को अंजाम देने की तैयारी में थे। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कार्रवाई की जानकारी दी। पोस्ट में उन्होंने लिखा, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, शंभू गांव के पास पटियाला-अंबाला हाईवे से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो मोस्ट वांटेड गुर्गों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हत्या करने के बाद वे नेपाल भाग गए थे और पंजाब में एक सनसनीखेज अपराध करने के लिए विदेशी आकाओं के निर्देश पर वापस लौटे थे। डीजीपी ने पोस्ट में आगे बताया कि दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है और उनके खिलाफ पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में विभिन्न आपराधिक कानूनों सहित 15 से अधिक जघन्य अपराध के मामले दर्ज हैं। वे हाल ही में फाजिल्का में भारत रतन उर्फ विक्की की हत्या में भी वांछित थे। इसके पास से 1 ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

## हमारा तिरंगा पूर्वजों के वर्षों के संघर्षों और बलिदान का जीवंत प्रतीक : सीएम साय

**रायपुर, 14 अगस्त [एजेंसी]।**

हमारा तिरंगा पूर्वजों के वर्षों के संघर्षों और बलिदान का जीवंत प्रतीक है। हम सभी तिरंगे की शान को हमेशा बनाए रखेंगे, अपने अमर बलिदानियों को कभी नहीं भूलेंगे और सभी मिलकर विकसित, समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव में आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हजारों युवाओं के साथ स्वतंत्रता दौड़ लगाई और भारत माता और अमर बलिदानी रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तिरंगे में करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाएं समाई हैं और यह हमारी वीरता, शांति और समृद्धि के भाव की अमिट चेतना है। साय ने पवित्र तिरंगे को प्रणाम करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पिछले कुछ वर्षों से स्वतंत्रता दिवस में पूरा देश तिरंगामय हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हम सभी अलग-अलग तरीकों से इस पावन



दिवस को उत्साह के साथ मना रहे है। तिरंगा यात्राएं और हर-घर तिरंगा फहराने के संकल्प ने इस पावन अवसर को जन-जन से जोड़ दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह स्मरण कराती है कि आज़ादी अनगिनत बलिदानों की अमूल्य देन है। लाखों-करोड़ों देशभक्तों ने अपने प्राण न्योछावर किए, तब जाकर हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के खास अवसर ने मुझे बचपन के दिनों की याद दिला दी। जब मैं स्कूल में था तब स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी निकलती थी, गांव-गांव में देशभक्ति गाने गूंजते थे। उन्होंने कहा कि उस समय जो गर्व महसूस होता था, वही गर्व आज भी हमारे दिल में है। वर्ष 2047 तक के लिए हमने विकसित छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है, और हमारी सरकार उसी के अनुरूप कार्य कर रही है। यह सरकार के साथ-साथ हम सभी का साझा संकल्प है। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## ये भारत के इतिहास का दुखद अध्याय, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बोले पीएम



**नई दिल्ली।** हर साल 14 अगस्त को मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पीएम मोदी ने इस दिन को एक दुखद अध्याय बताया। पीएम ने कहा कि ये दिन देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की लोगों की स्थायी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस दिन भारत हमारे इतिहास के दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेली गई उथल-पुथल और पीड़ा को याद करता है। मैं उस अकथनीय पीड़ा का याद कर रहा हूं जब लाखों लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था।अनुमान है कि सांप्रदायिक हिंसा में लाखों लोग मारे गए थे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, यह उनके साहस का सम्मान करने का भी दिन है... अकल्पनीय क्षति का सामना करने और फिर भी नए सिरे से शुरुआत करने की ताकत पाने की उनकी क्षमता का सम्मान हर किसी को करना चाहिए। पीएम ने कहा कि इसमें लाखों लोग प्रभावित हुए और उनमें से कई लोगों ने सब खोकर भी बड़े मुकाम हासिल किए।

## लोन के नाम पर ठगी, पति राज कुंद्रा के साथ शिल्पा शेट्टी भी मुश्किल में, 60 करोड़ के फ्रॉड में केस दर्ज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके कारोबारी पति राज कुंद्रा पर एक बड़े धोखाधड़ी का आरोप लगा है। मुंबई के एक कारोबारी ने इन दोनों पर 60.4 करोड़ रुपये की ठगी का इल्जाम लगाया है। यह मामला उनकी अब बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने इस सिलसिले में शिल्पा, राज और एक अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कारोबारी दीपक कोठारी का दावा है कि यह रकम बिजनेस बढ़ाने के



नाम पर ली गई, मगर इसका इस्तेमाल निजी खर्चों के लिए किया गया। पुलिस के मुताबिक, यह शिकायत जुहू पुलिस स्टेशन में पहले दर्ज की गई थी, जहां धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ी धाराओं के तहत मामला लिखा गया। चूंकि रकम 10 करोड़ रुपये से ज्यादा थी, इसलिए अब इसकी जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई है।

## ठाणे के कैफे में भीषण आग से हड़कंप बाल-बाल बची 35 लोगों की जान

**ठाणे, 14 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में आज तड़के एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में स्थित एक कैफे में आग लग गई, जिसके बाद 35 लोगों को बड़ी मुश्किल से इमारत से बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने कहा कि अब आग पर काबू पा लिया गया है। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आग कलवा (पश्चिम) के खारेगांव में छह मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित पारसिक कैफे में लगी।

## हाईकोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को लगाई फटकार बेंच ने इन कॉलोनियों को लेकर पूछा बड़ा सवाल




**नईदिल्ली, 14 अगस्त [एजेंसी]।**

दक्षिण दिल्ली की सैनिक फार्म कॉलोनी के नियमितीकरण को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने एक बार फिर केंद्र और दिल्ली सरकार की खिंचाई की। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि अधिकारी इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय लेने के बजाय जिम्मेदारी दूसरे पर डाल रहे हैं और अंत में मामला अदालत में आता है। पीठ ने कहा कि मूल प्रश्न यह है कि केंद्र व दिल्ली सरकार इन कॉलोनियों को नियमित करने के लिए क्या कर रही है। पीठ ने दोहराया कि केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, दिल्ली सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों को एक साथ बैठकर याचिकाकर्ता निवासियों के भाग्य का फैसला करना चाहिए। अदालत ने उक्त टिप्पणी सैनिक फार्म कॉलोनी के नियमितीकरण से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कुछ याचिकाकर्ताओं ने पीठ से एक आदेश पारित करने का भी आग्रह किया था, ताकि उन्हें अपनी संपत्तियों की मरम्मत करने की अनुमति मिल सके। बुधवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि अधिकारी निवासियों की समस्याओं को कम करने के लिए एक सरल कानून क्यों नहीं बना सकते।

पीठ ने कहा कि वे मरम्मत के लिए भी एक ईंट भी नहीं रख पाए हैं और पिछले 10-15 सालों से उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है और कोई भी सरकार उनकी समस्याओं को कम करने के लिए कुछ नहीं कर रही है। अदालत ने आगे कहा कि स्थानीय निवासी दशकों से वहां रह रहे हैं और अब कहीं नहीं जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के ने कहा कि केंद्र की 2019 की अधिसूचना दिल्ली सरकार को समृद्ध कालोनियों के मुद्दों में हस्तक्षेप करने से रोकती है।

## तीन युवक गिरफ्तार, पेट्रोल पंप सुपरवाइजर पर हमला करने का आरोप

**बलौदाबाजार।** तीन युवकों ने पेट्रोल पंप में अपने दोस्तों के साथ सुपरवाइजर को साइड में बुलाकर जमकर मारपीट की। वहीं पुलिस ने इस पूरे मामले में खुलासा करते हुए बताया है कि प्रार्थी विनोद दुबे निवासी ग्राम ठेलकी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह नंदलाल फ्यूल पेट्रोल पंप ढाबाडीह में सुपरवाइजर का काम करता है। दिनांक 09.08.2025 को रात करीबन 11.00 बजे आरोपी आशीष बघेल अपने कुछ मित्रों के साथ आया और उसे कुछ काम है का बहाना करते हुए सामने ढाबा के पास खड़े ट्रक के पास ले गया। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा प्रार्थी को पेट्रोल भरवाने आने पर तुम अपने आप को होशियार समझते हो इस प्रकार की बातें बोलकर गाली गलौज कर जान से मारने की देते हुए, हाथ मुक्का एवं बेल्ट आदि से मारपीट किया गया है। मारपीट करने से दोनों हाथ, पीठ, पैर आदि में चोट लगा है।

## ओलंपिक पदक विजेता का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**कोलकाता।** म्यूनिख ओलंपिक (1972) में हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम इंडिया के सदस्य रहे डॉ. वेस पेस का कोलकाता में निधन हो गया। 80 साल के पूर्व हॉकी स्टार पार्किंसन से पीड़ित थे। डॉ. वेस पेस भारत के दिग्गज टेनिस स्टार लिएंडर पेस के पिता थे। उन्होंने खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ी सफलता हासिल की थी। वेस पेस के निधन पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक प्रकट किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा, 1972 के ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य डॉ. वेस पेस के निधन से दुखी हूं। हॉकी और खेल चिकित्सा में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। लिएंडर पेस, उनके दोस्तों और कोलकाता के उन क्लब्स जिनसे वो जुड़े थे, के प्रति मेरी संवेदनाएं।

## ट्रंप का टैरिफ अटैक भी नहीं रोक सकता भारत की स्पीड, अमेरिकी एजेंसी ने बताई चौंकाने वाली वजह

**नईदिल्ली, 14 अगस्त [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय आयात पर भारी भरकम टैरिफ लगाए हैं। इसके बाद भारतीय निर्यातकों में मायूसी छा गई है, लेकिन S&P ग्लोबल रेटिंग्स के डायरेक्टर यीफार्न फुआ का कहना है कि इससे भारत की आर्थिक तरक्की पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भारत का सॉवरेन रेटिंग आउटलुक सकारात्मक बना रहेगा। रूस से तेल खरीदने की पेनाल्टी के तौर पर अमेरिका ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। 25 फीसदी टैरिफ



7 अगस्त से लागू हो चुका है और बाकी 25 फीसदी 28 अगस्त से शुरू होगा।

लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था इस झटके को आसानी से झेल लेगी। फुआ ने बुधवार को एशिया-पैसिफिक सॉवरेन रेटिंग्स पर वेबिनार में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था व्यापार पर ज्यादा निर्भर नहीं है। अमेरिका को भारत का निर्यात जीडीपी का सिर्फ 2 फीसदी है। इसलिए इन टैरिफ का भारत की आर्थिक रफ्तार पर कोई बड़ा असर नहीं होगा।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## IAF चीफ ने जो बताया, उससे ज्यादा हुआ Pak को नुकसान ऑपरेशन सिंदूर में भारत के एक्शन पर विदेशी एक्सपर्ट भी हैरान

**नईदिल्ली, 14 अगस्त [एजेंसी]।**

पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाक के कई आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था। इसके बाद दोनों देशों में छिड़े संघर्ष में भी पाक को बुरी तरह मुंह की खानी पड़ी थी। इस संघर्ष में पाक को बड़ा नुकसान हुआ था। अभी तक इस बात को भारत सरकार और विभिन्न सेना प्रमुख कह रहे थे, लेकिन अब इस बात को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भी कंफर्म किया है। हाल ही में भारतीय एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने कम से कम पांच पाकिस्तानी वायुसेना के विमानों और एक बड़े एयर डिफेंस सिस्टम को मार गिराया था। अब इसका समर्थन विदेशी सैन्य एक्सपर्ट ने भी किया है। पाकिस्तान के खंडन के बीच, ऑस्ट्रिया स्थित प्रसिद्ध हवाई युद्ध विशेषज्ञ टॉम कूपर ने कहा है कि वायुसेना प्रमुख ने जो कहा वह सच है



और उन्होंने एस-400 से 300 किलोमीटर की दूरी से दुश्मन के विमान को गिराने के बयान का भी समर्थन किया। कूपर ने भारतीय मारक क्षमता पर दिए अपने साक्षात्कार में कहा, हमने न केवल पांच बल्कि उससे भी ज्यादा पाकिस्तानी विमानों को मार गिराए जाने के सबूत देखे हैं। हमने जमीन पर और भी ज़्यादा पाकिस्तानी विमानों के नष्ट होने के सबूत भी देखे हैं।

उन्होंने कहा कि वायुसेना की ओर से, यहां तक कि भारत सरकार की ओर से भी, कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 7 मई की रात से 10 मई के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच 72 घंटे के सीमित संघर्ष में एस-400 विमान छाया रहा। एस-400 प्रणाली द्वारा मार गिराए गए पाकिस्तान के कई विमानों के वायुसेना प्रमुख के दावे का समर्थन करते हुए एक्सपर्ट ने कहा कि 300 किलोमीटर की दूरी से किया गया यह सफल हमला एक विश्व रिकॉर्ड था। कूपर ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना की इस असाधारण उपलब्धि की सराहना की, क्योंकि हाल ही में यूक्रेन-रूस संघर्ष में भी 200 किलोमीटर की दूरी से मार गिराने का मामला सबसे बड़ा माना जा रहा था।

## खेतों तक नहीं पहुंच रहा नहर का पानी, किसान पहुंच रहे कलेक्टोरेट

### सो रहा जिले का जल संसाधन विभाग

**गोधना।** भादो के महीने में मौसम की बेरूखी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। ऊपर से 90 फीसदी सिंचित जिले में हसदेव बांगो नहर की धार टेल एरिया के खेतो तक नहीं पहुंच पा रही है। ऐसें में कसान रोज कलेक्टोरेट का चक्कर लगाते फिर रहे है, वहीं जिम्मेदार जल संसाधन विभाग का अमला आंख मूंदे बैठा है।

ज्ञात हो कि जिले के टेल एरिया के गांवों में नहर से पानी न मिलने के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं। गोधना, बोरदा, कुकदा, कुरियारी और तेंदुवा के किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जमकर विरोध जताया और पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग की। ग्राम गोधना से सरपंच, पंचगण सहित 20 किसान और ग्राम कुरियारी से सरपंच, पंचगण सहित 134 किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अगर तुरंत नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो फसलें पूरी तरह नष्ट हो जाएंगी। किसानों ने बताया कि नहर से पानी आना बंद हुए कई दिन हो गए हैं। धान की फसलें पीली पड़ने लगी हैं और पौधे मुरझा रहे हैं। यह स्थिति जारी रही तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पर जल्द कार्रवाई

## किसानों के माथे पर छाई चिंता की लकीरें

**जैजैपुर-हसौद।** मानसून के मटक जाने से एवं खंड वर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर देखी जा रही हैं। पर्याप्त पानी के अभाव में खेत सुखते नजर आ रहे हैं। खेतों में पढ़ रही दरारें से किसनो की फसल बर्बादी के कगार पर हैं। वही सिंचाई विभाग के द्वारा नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए उपलब्ध करााई जाने वाली पानी को लेकर जगह-जगह किसानों के बीच विवाद की स्थिति देखी जा रही है। कई माइनर पर पानी के रोके जाने से अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग के द्वारा अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने सतत निरीक्षण का अभाव देखा जा रहा है। जिसके चलते देवरधटा गुजियाबोड़ भनेतरा लालमाटी पीसौद सहित दर्जनों गांव सुखे के चपेट में नजर आ रहा है। बहर से पानी नहीं पहुंचने को लेकर किसानों के मध्य पनप रहे आक्रोश से जन आक्रोश अप्रिय स्थिति निर्मित होने की संभावना देखी जा रही है। विभाग को इस ओर ठोस पहल किया जाना चाहिए ताकि अंतिम छोर तक किसानों को भी सहजता से सिंचाई के लिए पानी सुलम हो सके और अपने बर्बाद होते हुए फसल को बचा सके।

नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि खेती ही उनकी रोजी-रोटी का साधन है, और पानी न मिलने से उनकी मेहनत व निवेश दोनों बर्बाद हो जाएंगे। कलेक्टर ने किसानों की शिकायत सुनकर संबंधित विभाग को तुरंत जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए और जल्द ही पानी छोड़ने का आश्वासन दिया।

## खाद की कमी एवं कालाबाजारी को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** भारतीय किसान संघ के द्वारा सेवा सरकारी समिति में खाद की कमी एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाए जाने की मांग को लेकर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के देवव्रत तिवारी संघ के वरिष्ठ युगल किशोर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर एवं जिले के तहसील कार्यालयों में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि जिला में बलौदा तहसील, पामगढ़ तहसील, नवागढ़ तहसील एवं अकलतरा में खाद की कमी एवं खाद की कालाबाजारी की शिकायत मिली है। बाजार में 500 से 800 रुपए तक खाद बिक्री की जा रही है साथ ही जिले भर में असमय बिजली कटौती की शिकायत भी मिल रही है।

# पुत्रों के दीर्घ जीवन के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

**जांजगीर-चांपा।** पुत्रों की दीर्घायु के लिए आज गुरुवार 14 अगस्त को महिलाएं श्रद्धा भक्ति के साथ परारागत रीतियों का निर्वहन करते हुए खमरछठ का व्रत रखा। इधर कचहरी चौक सहित बाजारों में घसकर चावल व पूजन सामग्री खरीदने लोगों की भीड़ जुटी रही।

भाद्रमास कृष्ण पक्ष की छठवीं तिथि को होने वाले इस हलषष्ठी (खमरछठ) पर्व पर पुत्रवती महिलाएं अपने पुत्रों की दीर्घायु एवं मंगलकामना के लिए व्रत रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। छत्तीसगढ़ में इस पर्व को खमरछठ के नाम से जाना जाता है। इसमें पसहर चांवल, पूजा स्थल पर बनाये तालाब, भैंस का दूध-दही व घी, छः किस्म की भाजी, वन क्षेत्रों आने वाला महुआ फल, धान की लाई आदि शामिल है। पर्व के दिन घर से के आंगन में कृत्रिम तालाब तैयार करके उसमें पानी भर उसे महुआ की डाली, पत्ती, कांसी नामक घास की सींक आदि से सजाया गया है। पर्व पर महिलाएं अपने पुत्रों की संख्या के अनुसार से मिट्टी व शक्कर से बनी चुकिया व मूर्ति तैयार करती है।



**होगा सर्वार्थ सिद्धि एवं रवि योग**

संतान की लंबी आयु की कामना के उपदेश्य से रखा जाने वाला व्रत तथा बलराम के अवतरण दिवस हलषष्ठी व्रत खमरछठ आज गुरुवार 14 अगस्त को मनाया गया। पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस दिन रेवती नक्षत्र के साथ ही मित्र एवं बुधादित्य योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि एवं रवि योग भी रहेगा, एक साथ इतने सारे योग होने से इस बार का यह व्रत बड़ा फलदाई माना जा रहा है। ये शुभफलदाई योग है जो एक साथ पढ़ रहे है आज खमर छठ पुजा का शुभमुहुर्त अपरान्ह काल सर्वश्रेष्ठ होता है जो की 12 बजकर 6 मिनट से 3 बजकर 19 मिनट तक रहेगा।

इस व्रत की खासियत यह है कि इस व्रत में फलाहार के रुप में मुनि अन्न अर्थात पसहर चांवल का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा गाय के दूध, दही, घी का उपयोग नहीं करते बल्कि भैंस के दूध व दही का उपयोग किया जाता है।

## अमृत सरोवर तटों पर स्वतंत्रता दिवस पर होगा ध्वजारोहण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर जिले के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर उल्लासपूर्ण माहौल में तिरंगा फहराया जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा के तहत निर्मित इन अमृत सरोवरों के तटों पर ध्वजारोहण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जन-जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक परिचर्चा और जन-जागरूकता रैली जैसी गतिविधियाँ होंगी। इनका उद्देश्य अमृत सरोवरों को न केवल जल संरक्षण का प्रतीक बनाना है, बल्कि उन्हें हरित और स्वच्छ भारत के संकल्प से भी जोड़ना है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद पंचायत सीईओ को कार्यक्रमों की विस्तृत तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## औराईकला में 25 हेक्टेयर जमीन पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ने बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत औराईकला में एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत पौधरोपण किया और कहा कि पौधों को सुरक्षित और संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। औराईकला में जिला प्रशासन और प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से 25 हेक्टेयर भूमि पर तीन चरणों में 25 हजार पौधे लगाए जाएंगे और पेड़ों की फेंसिंग, पानी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित इंडस्ट्रीज के द्वारा की जाएगी। पहले चरण में मंगलवार को आम, करंज, आँवला, अर्जुन, शीशम, सफेद, काला सिरसा, पीपल, आकेसिया, कटहल जैसे छायादार और औषधीय महत्व के पौधे लगाए गए। वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, उद्योग प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि इन स्थानों को खाली छोड़ने के बजाय पौधे लगाकर हरियाली करना ही स्थायी समाधान है। इस अभियान में उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण जमीन पर पौधारोपण होने से जमीन सुरक्षित रहेगी और प्रशासन और उद्योग द्वारा मिलकर हमारे गाँव को हरा भरा बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पौधे की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है इसलिए इसका संदेश गाँव-गाँव तक पहुंचाएंगे।

## विद्या भारती का उद्देश्य गरीब वर्ग के लोगों को शिक्षा की कड़ी से जोड़कर रखना

**नवागढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं सेवानिवृत आचार्य का विदाई-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष विद्या भारती मध्य क्षेत्र थे। अध्यक्षता रविंद्र सराफ ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में कीर्ति कुमार अग्रवाल कोरबा, विभाग प्रमुख दीपक कुमार सोनी विभाग समन्वयक कोरबा विभाग, पुनीराम साहू अध्यक्ष लिंगेश्वर शिक्षण समिति, बद्री प्रसाद केसरवानी व्यवस्थापक, अश्वनी कुमार कश्यप प्राचार्य चांपा, विद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र कुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की पूर्व छात्रा काजल केसरवानी, छात्र हितेश साहू ने किया। सभी पूर्व छात्र अपना परिचय और कार्य क्षेत्र से उपस्थित लोगों को परिचित कराया तथा बारी-बारी से विद्यार्थी जीवन में व्यतीत सीखने में आनंद और संघर्षों को अनुभव कथन में व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा की संगठनात्मक शक्ति बहुत ही प्रबल है। इस प्रकार के सम्मेलन में कई वर्षों से बिछड़े अपने मित्रों से मिलने का एक सुनहरा अवसर है। इस प्रकार का आयोजन प्रत्येक वर्ष बृहद रूप में होना चाहिए। उन्होंने कहा सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा और संस्कार को समाज में बताने का एक बड़ा उदाहरण हैं। विद्या भारती का उद्देश्य ही है गरीब से गरीब और ग्रामीणों में निवास करने वाले अभावग्रस्त लोगों को शिक्षा की कड़ी से जोड़ करके. रखना। इसी बीच विद्यालय से सेवानिवृत आचार्य रामकिशन पटेल को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह, श्रीफल, साल देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। सम्मेलन के दौरान ही सत्र 2013-14 बैच के छात्रों ने विद्यालय के लिए पांच सेट कंप्यूटर भेंट किया और उन्होंने दो सेट कंप्यूटर जल्द ही देने की बात कही। इस कार्य को करने के लिए पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष हितेश साहू साथी सतीश चंद्राकर, भुनेश्वर साहू ने अपने मित्र मंडलों से संपर्क कर अथक प्रयास किया गया।

## भाजपा मंडल पामगढ़ ने निकाली रैली

**पामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर पूरे प्रदेश भर में जिला एवं मंडल स्तर पर अभियान मोर तिरंगा मोर अभिमान हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा एवं तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंडल पामगढ़ में बाइक रैली निकली गई। रैली की शुरुआत दुपट्टा मोड सरदार वल्लभभाई पटेल चौक से की गई, जहां पदाधिकारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौक पहुंची जहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। पामगढ़ से निकलकर बाइक रैली मेंउभाटा होते हुए मेहंदी से राहोद के बिलारी चौक पर रैली का समापन किया गया। रैली में भारत माता की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जाए, तिरंगा झंडा अमर रहे, हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा, मोर तिरंगा मोर अभिमान जैसे नारे लगाए गए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, भाजपा जिला मंत्री कार्यक्रम के मंडल सह प्रभारी गुरू दयाल पाटले, भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, सुधीर तिवारी, मनोहर शास्त्री, मानेश जांगड़े, सुभाष पटेल, सुरेंद्र कश्यप, मिथलेश साव, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, लल्लू गौरहा, मनोज घोष गौरव तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**जांजगीर-चांपा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''हर घर तिरंगा अभियान 2025'' का आयोजन 02 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जा रहा है। यह अभियान ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर आधारित है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय व भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 12 अगस्त को जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

इस कार्यशाला में योजना के तहत नागरिकों को सौर ऊर्जा संयंत्र अपने घर की छत पर लगाने के लिए आर्थिक सहायता, सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को मौके पर ही पंजीयन में भी किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शनार्थ में आयोजित इस कार्यशाला में आम लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि 1 किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर केंद्र सरकार से 30 हजार रुपए व राज्य सरकार द्वारा 15 हज़ार रुपए, इस प्रकार कुल 45 हजार रुपए, की सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होगी, जबकि 2 किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपए, व राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए, इस तरह 90 हजार रुपए की सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होगी, वहीं 3 किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर केंद्र सरकार से 78 हजार रुपए व छत्तीसगढ़ सरकार से 30 हजार इस तरह 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी उपभोक्ता को मिलेगी।

## तिरंगा यात्रा के साथ नशामुक्ति व एड्स जनजागरूकता रैली

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास से नशामुक्ति और एड्स जागरूकता के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा और नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह रैली रामानुज महाविद्यालय से आरंभ होकर जिला पुलिस ग्राउंड पर समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और जागरूकता बढ़ाने के लिए चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। जिला चिकित्सालय द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम डोहड़ा में एड्स जागरूकता वाहन को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बैकुंठपुर जिला चिकित्सालय परिसर एवं नगर पालिका में भी नशामुक्ति एवं एड्स जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नर्सिंग कॉलेजों की छात्राओं ने भाग लिया। लोक कला मंच सुर लहरा मोर ने भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया और प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरुस्कृत किया गया।

### एक पेड़ माँ के नाम' वन महोत्सव पर वन विभाग ने किया वृक्षारोपण

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में वन विभाग के द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' वन महोत्सव 2025 के अवसर पर ग्राम पंचायत डोहड़ा भवन के समीप लगभग 1 हे0 क्षेत्र में जिला कलेक्टर कोरिया, जिला पुलिस अधीक्षक, वन मंडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जनपद अध्यक्ष, सरपंच ग्राम पंचायत डोहड़ा के ग्रामीण एवं वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के गरिममयी उपस्थिति में वृक्षारोपण कराया गया । इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधारोपण किया गया, इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। छत्तीसगढ़ शासन के उक्त महत्वाकांक्षी योजना के विषय में स्थानीय ग्रामीणों को पौधा रोपण पश्चात उसका संरक्षण एवं सुरक्षा के संबंध में बताया गया। उक्त योजना अंतर्गत कोरिया वनमण्डल बैकुन्ठपुर में लक्ष्य अनुरूप आज तक लगभग 22500 पौधों का वितरण किया गया है।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत कोरबा में निकली तिरंगा रैली

**कोरबा।** आजादी का अमृत महोत्सव और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत कोरबा में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत महाअभियान के तहत सभी उपस्थित जनों ने नशामुक्त जीवन का संकल्प भी लिया। रैली का शुभारंभ जनपद पंचायत परिसर से हुआ।

# संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: जरिता

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में संगठन विस्तार के लिए बैठक आयोजित की गई । बैठक के शुरूआत में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कोरबा शहर में कुल 10 मंडल अध्यक्ष बनाए गए जो शीघ्र ही मंडल कमेटी का गठन कर जिला कमेटी को सौपेंगे । वहीं 4 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का पुन: गठन किया जा रहा है । इसके बाद वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन करेंगे ।

बैठक को संबोधित करते हुए सुश्री जरिता लैतफलांग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते हमारा विशेष उत्तरदायित्व बनता है कि संगठन के विस्तार एवं सृजन के लिए दिन दूनी रात चौगुनी मेहनत करें । हमें एकजूट होकर कदम से कदम मिलाकर यह सुनिश्चित करना होगा कि जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी इतना सशक्त एवं मजबूत बने जिससे हम विरोधी ताकतों से हर स्तर पर सामना कर सकें । कोरबा संगठन प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय टेकाम ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस के विचारधारा के तहत् ऐसे कार्यकर्ताओं को कांग्रेस संगठन में पदाधिकारी बनावें जो विपरीत परिस्थिति में भी अंगद की तरह अडिग रहते हैं।



बैठक को रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, पूर्व विधायक श्याम लाल कंवर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, मनोज चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जाला, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, रेखा त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे आदि ने भी संबोधित किया। बैठक का सफल संचालन पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने किया ।

बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, अजीत दास महंत, गोरे लाल यादव, टीकाराम मनहर, राजीव लखनपाल, यशवंत लाल, विरेन्द्र चंदन, श्रवण राठिया, मंडल अध्यक्ष पालूराम साहू, जवाहर निर्मलकर, मनीष शर्मा, प्रदीप जायसवाल, रोपा तिर्की, बुद्धेश्वर चौहान, देवीदयाल सोनी, सुरती कुलदीप, अश्वनी पटेल, ब्लॉक प्रभारी लाल अशोक सिंह, गोविंद सिंह नेताम, अशोक मिश्रा, दिलेश्वर आदिले, अमरनाथ कैवर्त, सपना चौहान, शेख इस्तियाक, तनवीर अहमद, मुकेश राठौर, पार्षद बद्री किरण, सुकसागर निर्मलकर, गीता गभेल, मस्तुल कंवर, सुभाष राठौर, अयोध्या कंवर, अनुज जायसवाल, पूर्व पार्षद मनक राम साहू, सहित अन्य उपस्थित थे।

# समय पर मिला खाद, खिल उठी उम्मीदें

**कोरबा।** खरीफ सीजन की शुरुआत में जब किसान खेती की तैयारी में जुटे हैं, ऐसे समय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य सरकार ने अन्नदाताओं की जरूरतों को प्राथमिकता दी है। किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज सहकारी समितियों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्ध कराया गया है।

राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों और प्रशासन की सजगता का लाभ पाकर कोरबा के कोरकोमा गांव के सीमांत किसान संतोष केसरवानी की खेतों की बुआई आसानी हुई और फसल की बेहतर शुरुआत संभव हो सकी। लाभार्थी केसरवानी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया खेत हमारा सहारा है, सरकार और समिति की तत्परता से उन्हें आवश्यक कृषि सामग्री समय पर मिली और इस मदद से उनकी खेती को नई ऊर्जा मिली है।किसान संतोष ने कहा कि उनके पास लगभग 5 एकड़ जमीन है, खरीफ सीजन के शुरुआत से ही वे बेहतर उत्पादन के लिए प्रयत्नशील है, बारिश समय पर होने से खेतों की जुताई से लेकर पौधे तैयार करने में कोई दिक्कत नही हुई। इस सीजन में समितियों से समय पर आवश्यक खाद भी उपलब्ध हो गए। इस खरीफ सीजन में कोरकोमा सहकारी



समिति से उन्होंने अपनी जरूरत अनुसार 7-7 बोरी डीएपी, यूरिया और सुपर फॉस्फेट खाद क्रय किया है, जिसके लिए उन्हें कोई परेशानी नही हुई, ना ही समिति के बार-बार चक्कर लगाना पड़ा। समिति में जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करते ही उन्हें केसीसी के माध्यम से खाद प्रदान किया गया। पिछले खरीफ वर्ष उन्होंने करीब 92 क्विंटल धान बेचा था। इस बार वे शुरुआत से ही पूरे परिवार के साथ बेहतर फसल के लिए मेहनत में जुटे हैं। वक्त पर खेत की बुआई होने से उनकी फसल अच्छी लग रही है, उनकी मेहनत रंग ला रही है, आगे जरूरत अनुसार सिंचाई और समय समय पर खाद का छिड़काव भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी खेती न अब सिर्फ एक जीविका का साधन है, बल्कि उम्मीदों की फसल भी बन गई है। वे कहते हैं, सरकार और समिति ने जिस प्रकार से खाद और बीज की व्यवस्था समय पर की, उससे हम जैसे छोटे किसानों को बहुत राहत मिली है। इस पहल ने न केवल उनका आर्थिक बोझ कम किया, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाया


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) कोरबा (छ.ग.)

कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल, email id-miningkorba@gmail.com

क्रमांक/626/ख.लि.1/न.क्र.1/वाहन/ कोरबा, दिनांक 12.08.2025

निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 02/2025-26/खनिज शाखा जिला कार्यालय कोरबा**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कोरबा, छ.ग. के कार्यों में उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वाहन किराये पर जिला जाना प्रस्तावित है अतः परिवहन विभाग से पंजीकृत इकाईयों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | निविदा का संक्षिप्त विवरण | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 01 | 02/2025-26/खनिज शाखा जिला कार्यालय कोरबा | किराये पर वाहन लेने हेतु | 100000.00 |

01. निविदा प्रपत्र दिनांक 03.09.2025 समय 5.00 बजे तक अपरान्ह तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
02. निविदा स्वीकार करने की अंतिम तिथि 04.09.2025 को 3.00 बजे अपरान्ह तक।
03. निविदा खोलने की तिथि 08.09.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे अपर कलेक्टर महोदय के कक्ष में।
04. निविदा प्रपत्र तथा अन्य निविदा शर्ते इस कार्यालय से रूपये 200.00 की निविदा प्रपत्र मूल्य के भुगतान निर्धारित मद '' मुख्य शीर्ष 0853-अलौह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग, लघुशीर्ष (800)-अन्य प्राप्तियां, (0229)-विविध प्राप्तियां'' में जमा करने उपरांत चालान की प्रति प्रस्तुत करने पर कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं।
05. बिना धरोहर राशि के प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। धरोहर राशि 100000.00 डिमांड ड्राफ्ट के रूप में कलेक्टर, जिला कोरबा छ.ग. के नाम से, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, जिसकी शाखा कोरबा छत्तीसगढ़ में हो में देय होगी।
06. निविदा खोलने की निर्धारित तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर निर्धारित तिथि आगामी कार्य दिवस हेतु स्वतः बढ़ी हुई मानी जावेगी।
07. सशर्त निविदा अमान्य की जावेगी। कलेक्टर जिला कोरबा छत्तीसगढ़ को किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाएं स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार रहेगा एवं किसी भी न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। किसी भी प्रकार के पोस्टल विलंब के लिए कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
08. निविदा की शेष शर्तें कार्यालय की सूचना पटल पर भी पढ़ी जा सकेगी।

खनि अधिकारी
कार्या.कलेक्टर (खनिज शाखा) कोरबा, छ.ग.

जी-252602790/3



## ईश्तहार

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 03अ/2025
पेशी दिनांक 29-08-2025

पक्षकार :-
वेदांता लिमिटेड ........................................ वादी
-//विरुद्ध//-
रामशिला वगैरह ........................................ प्रतिवादीगण

प्रति,

1. रामशिला पुत्री स्व. समारु, उम्र लगभग 63 वर्ष, जाति कंवर, निवासी ग्राम ओडेकेरा, तहसील डभरा, जिला सक्ती, वर्तमान पता ग्राम भांठा, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)
2. सहदेव आत्मज शाम सिंह, उम्र लगभग 61 वर्ष, जाति कंवर, निवासी ग्राम ओडेकेरा, तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)
3. बिरीज आत्मज साधराम, उम्र लगभग 61 वर्ष, जाति कंवर, निवासी ग्राम सराईपाली, तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)
4. टोपीराम आत्मज साधराम, उम्र लगभग 59 वर्ष, जाति कंवर, निवासी ग्राम सराईपाली, तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)
5. जलन्धर आत्मज स्व. गाड़ाराम, उम्र लगभग 66 वर्ष, कंवर, निवासी ग्राम ओड़ेकेरा, तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)
6. टेंगनु आत्मज ठगू, उम्र लगभग 61 वर्ष, निवासी ग्राम ओड़ेकेरा, तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)
7. बिल्लु आत्मज स्व. समारु साहु, उम्र लगभग 59 वर्ष, निवासी ग्राम केनाभांठा (मदनपुर के पास) तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)
8. पुनीराम आत्मज स्व. समारु, उम्र लगभग 51 वर्ष, निवासी ग्राम केनाभांठा (मदनपुर के पास) तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)
9. कृष्णा आत्मज स्व. समारु, जाति कंवर, निवासी ग्राम केनाभांठा (मदनपुर के पास) तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)
10. 'वृन्दा बेवा कोचिया, उम्र भगभग 56 वर्ष, जाति कंवर, निवासी ग्राम केनाभांठा (मदनपुर के पास) तहसील खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)
11. छत्तीसगढ़ शासन, प्रतिनिधित्व द्वारा जिलाध्यक्ष, सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

इस ईश्तहार के जरिये आप प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में उपर लिखित वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध ग्राम ओडेकेरा, प.ह.नं. 01 तहसील डभरा स्थित बादभूमि अनुसूची ''अ'' अनुसूची ''ब'' की भुमि के संबंध में निराकृत करने पर स्वत्व की घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण प्रतिवादीगण क्र.1. रामशिला पुत्री स्व. समारु, प्रतिवादी क्र.2सहदेव आत्मज शाम सिंह, प्रतिवादी क्र.3 बिरीज आत्मज साधराम, प्रतिवादी क्र.4 टोपीराम आत्मज साधराम, प्रतिवादी क्र.5 जलन्धर आत्मज स्व. गाड़ाराम, प्रतिवादी क्र.6 टेंगनु आत्मज ठगू, प्रतिवादी क्र.7 बिल्लू आत्मज स्व. समारु साहू, प्रतिवादी क्र.8 पुनीराम आत्मज समारु, प्रतिवादी क्र.9 कृष्णा आत्मज स्व. समारु, प्रतिवादी क्र.10 वृन्दा बेवा 'कोचिया, प्रतिवादी क्र.11 छत्तीसगढ़ शासन सक्ती जिला सक्ती, की उपस्थिति हेतु लंबित है। उक्त प्रकरण की सुवाई दिनांक 29.08.2025 को नियत किया गया है, अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि उक्त प्रकररण में आपका हित सम्मिलित हो तो 'आप पेशी दिनांक 29.08.2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रथम व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ श्रेणी डभरा के न्यायालय में ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना आपत्ति/लिखित कथन प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई एवं निराकरण आपके अनुपस्थित में ही किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश उपरोक्त सुनवाई तिथि 29.08.2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो अगली कार्य-दिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।आज दिनांक 26.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील

(स्मिता श्रीवांस्तव सिन्हा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी डभरा
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

तुम पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है। पत्थर जैसे ना बनो जो दूसरों का भी रास्ता रोक लेता है।

## सच बताने की रणनीति

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को सबक सिखाया जा चुका है। भारत पाकिस्तान के संघर्ष की बातें हम भांति-भांति से सुन चुके हैं। लगता है सब अपने-अपने हिस्से का 'सच' बताने की रणनीति पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री संसद में बयान दे चुके हैं। रक्षा अधिकारी बता चुके हैं कि पाकिस्तान की बैंड भारत ने कैसे बजाई। लेकिन लगता है जैसे हमारे वायु सेना प्रमुख जरा देर से जागे हैं। उन्होंने ऐसी बात बताई है जो आज तक कोई नहीं बता पाया था। बाकी सब लोग पाकिस्तान और पीओके में आतंकी अड्डों के ध्वस्त होने और कई एयर फील्ड तबाह कर देने तक तो पहुंचे थे लेकिन एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने शनिवार को जो कहा वह सबसे अलग है।*

*उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक बड़े विमान को मार गिराया था। गिराया गया सबसे बड़ा विमान तो 300 किमी. दूर से निशाना बनाया गया जो भारत द्वारा सतह से हवा में मार गिराने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। एलएम कात्रे स्मृति व्याख्यान में उन्होंने बताया कि बड़ा विमान एयरबोर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम भी हो सकता है। सिंह ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय वायुसेना ने हवाई क्षेत्र पर हमला करने का निर्णय लिया। सुकर एयरबेस की तबाही के चित्र दिखाते हुए उन्होंने तमाम बर्बादी की पुष्टि की। वायुसेना ने यूएबी हैंगर और रडार स्थल पर हमला किया। एडब्ल्यूसी हैंगर पर फिर से हमला किया गया। सरगोधा के बारे में वायुसेना चीफ ने कहा, संयोग से मुझे अपनी सेवानिवृत्ति से पहले यहां कुछ कर दिखाने का मौका मिल गया। भारत की एस-400 वायु रक्षा प्रणाली पासा पलटने वाली साबित हुई। एस-400 प्रणाली की वजह से पाकिस्तान भारतीय वायु रक्षा प्रणाली को भेद नहीं सका।*

*उनके अनुसार सीडीएस का पद सैन्य अभियानों में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव लेकर आया है। एयर चीफ ने ऑपरेशन सिंदूर में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की भूमिका पर भी प्रकाश डाला जिससे अन्य एजेंसियों और सुरक्षा बलों को एक साथ लाने में मदद मिली। लगता है कि वायुसेना चीफ अभी बताना नहीं चाह रहे हों कि गिराए गए लड़ाकू विमानों में कितने एफ 16 विमान थे। एफ 16 की क्षति अमेरिका के गर्व को चूर करती है। ट्रंप का भारत विरोधी रुख इसी का नतीजा भी हो सकता है। लेकिन सवाल उठता है कि सिंह ने यह बात बताने में इतनी देर क्यों कर दी।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे खुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# संसद का दृश्य अखाड़े से कम नहीं लगता

//ललित गर्ग//

**बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है जिससे संसद का कामकाज बाधित है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, बल्कि राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। एक ओर सरकार संवाद से बच रही है तो दूसरी ओर विपक्ष दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामे बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडंबनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूटे जा रहे हैं।**

विपक्ष और सत्ता के बीच टकराव में बहस की बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरु आत उम्मीदों से भरी थी, नये विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है, जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाए। संसद में गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई पक्ष झुकने को तैयार नहीं। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए लेकिन सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है, और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है।दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरु आत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेंच हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है, और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबे की। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। सवाल बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है। अगर सरकार विपक्ष को बाधा मान कर चलती है और विपक्ष विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, 'संसद को ठप करना आसान है, लेकिन संसद को चला कर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है।'

संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था-'संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है।' लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मर्यादा मिले। संसद की गरिमा केवल आश्वासनों से नहीं, आचरण से बनती है। संसद में वही नेता दिशा दे सकते हैं, जो अपने निजी या दलगत हित से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित की सोच रखते हैं।

विपक्ष लोकतंत्र की आंख है, लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। विपक्ष को सुद्धि दे सकता है, जनता का दबाव। जब जनता स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुप राजनीति कर रहा है। मीडिया को चाहिए कि हंगामे को महिमामंडित करने की बजाय नीति और तर्क आधारित बहस को आगे बढ़ाए। संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशाविहीन हो जाए तो कमजोरी बन जाता है।

# चुनाव परिणाम की विश्वसनीयता पर जनता के मन में शंका

//नृपेन्द्र अभिषेक नृप//

**लोकतंत्र का आधार चुनाव कराना ही नहीं, बल्कि चुनाव ऐसे कराना है कि इसकी निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर जनता का भरोसा बना रहे। हाल में लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों ने देश की चुनावी प्रक्रिया पर बहस को नये मोड़ पर ला खड़ा किया है। यह केवल राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को प्रभावित करने वाला गंभीर मसला है, जिसे न केवल राजनीतिक, बल्कि संवैधानिक और संस्थागत दृष्टि से भी परखना आवश्यक है।**

राहुल ने अपने आरोपों में दावा किया है कि 2024 के आम चुनाव में बड़े पैमाने पर मतदाता सूचियों में फर्जी नाम जोड़े गए और असली मतदाताओं के नाम गलत तरीके से काटे गए। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में भी यह प्रवृत्ति देखने को मिली है। विपक्ष का आरोप है कि यह सब भारतीय जनता पार्टी को चुनावी लाभ देने के उद्देश्य से किया गया जिससे मतदाता सूची में हेरफेर कर परिणामों को प्रभावित किया जा सके। चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करने की बजाय 'हलफनामा' देने को कहा है।

कर्नाटक समेत तीन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे संबंधित मतदाताओं के नाम दें जिन पर आरोप है कि उनके नाम फर्जी तरीके से जोड़े या काटे गए हैं। आयोग का कहना है कि इन दावों की सटीक जांच के लिए तथ्यों और ठोस प्रमाण की आवश्यकता है, महज आरोप पर्याप्त नहीं। आयोग का यह रु ख जहां नियम-सम्मत प्रतीत होता है, वहीं विपक्ष के आरोपों की गंभीरता को देखते हुए इनकी जांच में तत्परता और पारदर्शिता की मांग भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण हो जाती है। विवाद केवल आंकड़ों और आरोपों का खेल नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के मूल 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत से भी जुड़ा है। यदि वाकई एक मतदाता के नाम पर कई वोट दर्ज हैं, तो यह सीधे-सीधे मतदान प्रक्रिया की पवित्रता का उल्लंघन है।

मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना चुनाव की निष्पक्षता की पहली शर्त है। राहुल और विपक्षी दलों के आरोप फर्जी नाम जोड़ने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हैं। उनका कहना है कि आयोग मतदाता सूची में गड़बड़ी दूर करने के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक उपायों को पूरी तरह लागू नहीं कर रहा है। उदाहरणतः आयोग द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन प्रक्रिया शुरू की गई परंतु इसमें भी पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी के आरोप लगते रहे हैं। कई बार फील्ड अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव की आशंका जताई जाती है, जिससे गलत नाम सूची में बने रहते हैं, और सही नाम हटा दिए जाते हैं। चुनावी पारदर्शिता पर चर्चा करते समय तकनीकी पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। विपक्षी दलों का आरोप है कि आयोग चुनाव प्रक्रिया की निगरानी में पारदर्शिता नहीं बरत रहा। जैसे कि मतदान के बाद वीवीपैट पर्चियों की गिनती सीमित प्रतिशत में करना, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित नहीं रखना और मतदान केंद्रों से ईवीएम की आवाजाही के दौरान पर्याप्त सुरक्षा उपायों का अभाव। ये सभी ऐसे बिंदु हैं, जो जनता के मन में शंका पैदा करते हैं। चुनाव परिणाम की विश्वसनीयता पर भी असर डालते हैं।

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा मतदाता सूची संबंधी डेटा को ऐसे प्रारूप में जारी नहीं किया जाता जो आसानी से विश्लेषण के लिए उपयुक्त हो। इसके कारण राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों को जांच-पड़ताल में कठिनाई होती है। यदि डेटा पारदर्शी और उपयोगी प्रारूप में उपलब्ध हो, तो स्वतंत्र संस्थाएं और मीडिया भी चुनावी प्रक्रिया पर निगरानी रख सकते हैं, और गड़बड़ी पकड़ने में मदद कर सकते हैं। इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू है संस्थागत विश्वास का क्षरण। चुनाव आयोग जैसी संस्था का भरोसा केवल उसकी संवैधानिक वैधता पर नहीं, बल्कि उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता पर टिका होता है। यदि जनता का विश्वास इससे उठने लगे तो लोकतंत्र की नींव ही हिल सकती है। यही कारण है कि राहुल के आरोपों को राजनीतिक बयानबाजी मान कर टालना पर्याप्त नहीं, बल्कि इनकी निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच होना आवश्यक है। इस मुद्दे का समाधान राजनीतिक बहस से नहीं, बल्कि ठोस प्रशासनिक और कानूनी कदमों से ही संभव है। चुनाव आयोग को चाहिए कि मतदाता सूचियों का थर्ड-पार्टी ऑडिट कराए, तकनीकी साधनों से डुप्लीकेट और फर्जी नामों की पहचान करे, और परिणामों को सार्वजनिक करे। मतदाता सत्यापन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी भी बढ़ाई जाए। वीवीपैट गिनती के दायरे को बढ़ाना, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखना और ईवीएम की सुरक्षा को और मजबूत बनाना भी जरूरी है। लोकतंत्र की आत्मा तभी सुरक्षित रह सकती है, जब जनता का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास रहे।

# देश में पानी का स्रेत केवल मानसून

ध्यान दें जहां भी जल भराव हो रहा है, वहां अधिकांश स्थान वे हैं, जहां के नदी-तालाब पर समाज ने कब्जा कर रखा है। असल में पानी को लेकर हमारी सोच प्रारंभ से ही त्रुटिपूर्ण रही है-हमें पढ़ा दिया गया कि नदी, नहर, तालाब झील आदि पानी के स्रोत हैं, हकीकत में हमारे देश में पानी का स्रेत केवल मानसून है, नदी-दरिया आदि तो उसको सहेजने के स्थान मात्र हैं। मानसून की नियामत सहेजने के स्थान पर हमने खुद उन्हें उजाड़ दिया। मानसून विदा होते ही उन सभी इलाकों में पानी की एक-एक बूंद के लिए मारा-मारी होगी।

हम जानते हैं कि हमारे लोक जीवन, अर्थव्यवस्था, पर्व-त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। जो महानगर-शहर पूरे साल वायु प्रदूषण के कारण हलकान रहते हैं, इसी मौसम में वहां के लोगों को सांस लेने को साफ हवा मिलती है। खेती-हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर हैं। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है, तो समाज और सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून का सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है-कारण हैं-तेज पलायन और गांवों का शहरीकरण।भारतीय मानसून का संबंध मुख्यतया गरमी के दिनों में होने वाले वायुमंडलीय परिसंचरण में परिवर्तन से है। गरमी की शुरुआत होने से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ-साथ अंतःउष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र भी उत्तरायण होना प्रारंभ हो जाता है। इसके प्रभाव से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय के उत्तर में प्रवाहित होने लगती है। इस तरह तापमान बढ़ने से निम्न वायु दाब निर्मित होता है। दक्षिण में हिन्द महासागर में मेडागास्कर द्वीप के समीप उच्च वायु दाब का विकास होता है, इसी उच्च वायु दाब के केंद्र से दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्पत्ति होती है।जान लें कि तापमान बढ़ने के कारण एशिया पर न्यून वायु दाब बन जाता है। इसके विपरीत दक्षिणी गोलार्ध में शीतकाल के कारण दक्षिण हिन्द महासागर तथा उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पास उच्च दाब विकसित हो जाता है। परिणामस्वरूप उच्च दाब वाले क्षेत्रों से अर्थात महासागरीय भागों से निम्न दाब वाले स्थलीय भागों की ओर हवाएं चलने लगती हैं। सागरों के ऊपर से आने के कारण नमी से लदी ये हवाएं पर्याप्त वृष्टि प्रदान करती हैं।जब निम्न दाब का क्षेत्र अधिक सक्रिय हो जाता है तो दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक हवा भी भूमध्य रेखा को पार करके मानसूनी हवाओं से मिल जाती है। इसे दक्षिण-पश्चिमी मानसून अथवा भारतीय मानसून भी कहा जाता है। इस प्रकार एशिया में मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं-भारत में भी दक्षिण-पश्चिम मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं-बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की शाखा। जलवायु परिवर्तन का गहरा असर भारत में दिखने लगा है, इसके साथ ही ठंड के दिनों में अल नीनो और दीगर मौसम में ला नीना का असर हमारे मानसून-तंत्र को प्रभावित कर रहा है।

विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों के कुछ लीटर पानी को घटाने को तो राजी हैं, लेकिन मानसून से मिले जल को संरक्षित करने के मार्ग में खुद ही रोड़ा अटकाते हैं जबकि मानसून को सहेजने वाली नदियों में पानी सुरक्षित रखने की बनिस्बत रेत निकालने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हम भूल जाते हैं कि नदी की अपनी याददाश्त होती है, वह दो सौ साल तक अपने इलाके को भूलती नहीं। गौर से देखें तो आज जिन इलाकों में नदी से तबाही पर विलाप हो रहा है, वे सभी किसी नदी के बीते दो सदी के रास्ते में यह सोच कर बसा लिए गए कि अब तो नदी दूसरे रास्ते बह रही है, खाली जगह पर बस्ती बसा ली जाए।दूर क्यों जाएं, दिल्ली में ही अक्षरधाम मंदिर से ले कर खेल गांव तक को लें, अदालती दस्तावेज में खुरपेंच कर यमुना के जल ग्रहण क्षेत्र में बसा लिए गए। दिल्ली के पुराने खादर में बीते पांच दशक में ओखला-जामिया नगर से ले कर गीता कालोनी, बुराड़ी जैसी घनी कॉलोनियां बस गई और अब सरकार यमुना का पानी अपने घर में रोकने के लिए खादर को बसाने की बात कर रही है। बिहार राज्य में ही उन्नीसवीं सदी तक हिमालय से चल कर कोई छह हजार नदियां आती थीं जो संख्या आज घट कर बमुश्किल 600 रह गई है।असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात, बरसात के जल को सहेज कर रखने के प्राकृतिक खजानों की रक्षा के प्रति न तो गंभीर हैं, और न ही कुछ नया सीखना चाहते हैं। पूरा जल तंत्र महज भूजल पर टिका है जबकि सर्वविदित तथ्य यह है कि भूजल पेयजल का सुरक्षित साधन नहीं है। हर घर तक नल से जल पहुंचाने की योजना का सफल क्रियान्वयन मानसून को सम्मान देने से ही संभव होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित हाउस ऑफ़ स्ट्रे एनिमल्स के पशु उपचार और पुनर्वास केंद्र, शिवालय एनिमल वेलनेस सेंटर में कुत्तों के साथ एक स्वयंसेवक।



नई दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में एक व्यक्ति सड़क के धंसे हुए हिस्से के पास खड़ा है।



पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे।



सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग (बाएं से दूसरे) तीसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर।



भारतीय नौसेना और वायु सेना के जवान नई दिल्ली के लाल किला परिसर में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान मार्च करते हुए।



राजस्थान के दौसा ज़िले में एक पिकअप वैन के कथित तौर पर खड़े ट्रक से टकराने के बाद ले जाए जा रहे वाहन का मलबा। अधिकारियों के अनुसार, इस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए।




समाजवादी पार्टी के नेता लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# हिमाचल में हाहाकार... तीन जगह फटे बादल आठ पुल बहे, तीन पंचायतों से कटा संपर्क



धर्मशाला, 14 अगस्त [एजेंसी]।

हिमाचल के लाहुल-स्पीति व कुल्लू जिले में तीन स्थानों पर बादल फटने से भारी क्षति हुई है। बुधवार शाम को कुल्लू जिले के श्रीखंड महादेव के पास बादल फटने से दोगुड़ा पुल बह गया और बागीपुल बाजार को खाली करवाना पड़ा।शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की फांचा पंचायत की नंती खड्ड में बाढ़ आने से चार पुल, दो मकान, पांच दुकानें, दो शेड, सेब के बगीचे व जमीन बह गई। सात मकानों, पांच दुकानों, सात शेड व बिजली के छोटे प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा है। कुल्लू जिले के बंजार उपमंडल के बठाहड़ की तीर्थन नदी में बादल फटने से आई बाढ़ से चार काटेज और तीन से चार वाहन बह गए।

इसके बाद भीमड़वारी से बागीपुल तक के क्षेत्र को खाली करवाया गया।लाहुल-स्पीति जिले की मयाड़ घाटी में मंगलवार शाम बादल फटने से तीन पुल बहे हैं। कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। करपट, चांगुट व उडगोस नालों पर बने पुल बह गए हैं और मयाड़ नाले पर बना पुल डूब गया है।किन्नौर में भारी वर्षा के बाद पूह के होजो नाले में बाढ़ आने से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के लिए सड़क बना रही कंपनी का पूरा परिसर जलमग्न हो गया और कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई। होजो नाले के मलबे और पानी ने सतलुज नदी का बहाव रोक दिया है।इससे यहां पर नदी में झील बन गई है। इस झील का पानी किन्नौर व शिमला जिले के निचले क्षेत्रों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर रामपुर बाजार को खाली करने के आदेश जारी किए हैं।राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 20 जून को मानसून के आगमन के बाद अब तक 2031 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हिमाचल प्रदेश में इस अवधि में 241 लोगों की जान गई। इनमें 126 की मौत बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने, डूबने, बिजली गिरने, सर्पदंश, करंट लगने और पेड़ या पहाड़ी से गिरने के कारण हुई है। 115 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हुई है।

## अगर युद्ध नहीं रुका तो रूस को परिणाम भुगतने होंगे, मीटिंग से पहले ट्रंप ने दी पुतिन को चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति 15 अगस्त को अलास्का में मुलाकात करेंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध को कैसे खत्म किए जाएं इस बात पर दोनों नेता चर्चा करेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर उसने यूक्रेन में युद्धविराम पर सहमति नहीं दी तो उसे और अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, मीडिया से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा,यह बाइडन का युद्ध है। मैंने इससे पहले पांच युद्ध को समाप्त करवाया है। मैं रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना चाहता हूं। वहीं, जब मीडियाकर्मी ने ट्रंप से पूछा कि क्या पुतिन बातचीत के बाद भी युद्ध समाप्त नहीं करते तो इसके भीषण परिणाम होंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि हां, इसके परिणाम होंगे। मुझे (परिणामों के प्रकार के बारे में) कुछ कहने की जरूरत नहीं है। इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने कहा कि अगर पुतिन युद्ध विराम पर सहमत नहीं होते हैं तो रूस को बुरे परिणाम भुगतने होंगे। हमने ईरान की परमाणु क्षमता को नष्ट कर दिया है। अगर पुतिन के साथ पहली बैठक ठीक रही, तो हम जल्दी से दूसरी बैठक करेंगे।

## 2024 के लोकसभा चुनाव को फर्जी मतदाता सूचियों के चलते रद माना जाए

### कांग्रेस ने कर दी अजीब मांग



नईदिल्ली, 14 अगस्त [एजेंसी]।

भाजपा द्वारा कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं के चुनावी क्षेत्रों में लाखों फर्जी मतदाताओं के दावे के जवाब में कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा साझा किए गए आंकड़े चुनाव आयोग के साथ उसकी मिलीभगत को दर्शाते हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव को इन फर्जी मतदाता सूचियों के आधार पर होने के कारण रद माना जाए। कांग्रेस ने वाराणसी संसदीय क्षेत्र की इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची की भी मांग की जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने चुनावी मुकाबला जीता था। पार्टी ने कहा कि लोगों के सामने आना चाहिए कि क्या उन्होंने वास्तव में जीत हासिल की थी या नहीं?कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने जो आंकड़े जारी किए हैं, वे अपराध का सुबूत हैं। उन्होंने मांग की कि यह सुबूत 24 घंटे के भीतर उन्हें सौंपे जाएं ताकि हम जांच कर सकें। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि 2024 का पूरा आम चुनाव फर्जी मतदाता सूचियों पर आयोजित किया गया था।खेड़ा ने कहा- अनुराग ठाकुर ने पांच-छह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के आंकड़े जारी किए हैं। हमें केवल एक विधानसभा के लिए आंकड़े इकट्ठा करने में छह महीने लगे। उन्हें इलेक्ट्रानिक मतदाता सूची कहां से मिली। यह दिखाता है कि भाजपा के नेता चुनाव आयोग के साथ कितने गहरे जुड़े हुए हैं।

## स्वतंत्रा दिवस पर महाराष्ट्र में मीट की दुकानें बंद करने पर छिड़ी बहस, अजित पवार ने उठाए सवाल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लगभग आधा दर्जन नगर निकायों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मांस की दुकानों और बूचड़खानों को बंद करने के आदेश के बाद सत्तारूढ़ सहयोगी भाजपा और राकांपा ने अलग-अलग रुख अपनाया हुआ है। इस मुद्दे को लेकर बहस छिड़ गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि सरकार लोगों के खाने-पीने के विकल्पों पर नियंत्रण रखने में दिलचस्पी नहीं रखती। नागपुर, नासिक, मालेगांव, छत्रपति संभाजीनगर और कल्याण-डोंबिवली नगर निगमों ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले बूचड़खानों और मांस की दुकानों को 15 अगस्त को बंद करने के निर्देश जारी किए हैं।उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने बंद करने पर सवाल उठाया है। जबकि, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में उसकी सहयोगी भाजपा ने 1988 के राज्य सरकार के प्रस्ताव (जीआर) का हवाला देते हुए इस कदम का बचाव किया, जिसमें नगर निकायों को ऐसे प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया गया था। भाजपा ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस पर बूचड़खाने बंद रखने की नीति पहली बार 1988 में लागू की गई थी। उस समय राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष शरद पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे।

## भोपाल में केमिकल फैक्ट्री से क्लोरीन गैस का रिसाव, मची अफरातफरी



भोपाल, 14 अगस्त [एजेंसी]।

भोपाल के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक केमिकल फैक्ट्री से बुधवार दोपहर क्लोरीन गैस के रिसाव के कारण आसपास के क्षेत्र में लगभग दो घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। गैस के प्रभाव से लोगों को आंखों में जलन, खांसी और सांस लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।आदिस इंस्डस्ट्रीज नामक फैक्ट्री में क्लोरीन की गोलियां बनाई जाती हैं। दोपहर एक बजे अचानक गैस का रिसाव हुआ। आग की आशंका के चलते अग्निशमन दस्ते ने पानी का छिड़काव कर दिया, जिससे विपरीत प्रभाव पड़ा और गैस का भभका तेज हो गया।मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते आसपास के दफ्तरों को खाली कराया। अग्निशमन अधिकारी सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि घटना के समय क्षेत्र में बिजली गुल थी।बिजली चालू कर फैक्ट्री के एग्जास्ट फैन चलाकर धुआं बाहर निकला गया। विशेषज्ञों के अनुसार, क्लोरीन पर पानी डालने से तेज रासायनिक प्रतिक्रिया होती है, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न करती है।

## राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर चुनाव आयोग करारा जवाब, कहा- चुनौती है कि...



नईदिल्ली, 14 अगस्त [एजेंसी]।

मतदाता सूची में कथित हेराफेरी पर बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच चुनाव आयोग ने इसका दृढ़ता से खंडन किया है। आयोग ने हालिया दावों को गलत और भ्रामक करार दिया है। कहा कि मतदाता सूची से कोई भी नाम मनमाने तरीके से कानूनी प्रमाण के बिना नहीं हटाया जा सकता।आयोग ने यह स्पष्टीकरण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के उस अभियान के जवाब में जारी किया है, जिसमें उन्होंने आयोग पर बड़े पैमाने पर मतदाता धोखाधड़ी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और जिसे उन्होंने एक व्यक्ति, एक वोट के लोकतांत्रिक सिद्धांत पर सीधा हमला बताया।राहुल ने मांग की है कि चुनाव आयोग डिजिटल मतदाता सूची जारी करे, ताकि नागरिक और राजनीतिक दल स्वतंत्र रूप से उसका आडिट कर सकें। अभियान में आरोप लगाया है कि प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए फर्जी और डुप्लिकेट प्रविष्टियों का इस्तेमाल किया गया है। कांग्रेस का दावा है कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित उसके विश्लेषण से मतदाता सूचियों में, खासकर कर्नाटक के महादेवपुरा में गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं।चुनाव आयोग ने अपने आधिकारिक जवाब में कहा कि मतदाता सूचियां कानून का सख्ती से पालन करते हुए तैयार की जाती हैं। किसी भी सुधार, नाम हटाने या जोड़ने के लिए मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन होता है। आयोग ने कहा कि कोई भी व्यक्ति उचित प्रक्रिया और ठोस सुबूतों के बिना मतदाता सूची से मनमाने ढंग से नाम नहीं हटा सकता। बयान में स्पष्ट किया गया है कि चुनाव पंजीकरण अधिकारी मीडिया रिपोर्टों के आधार पर पूछताछ शुरू कर सकते हैं, लेकिन वे केवल प्रिंट, टेलीविजन या इंटरनेट मीडिया में लगाए गए आरोपों के आधार पर बड़े पैमाने पर नोटिस जारी नहीं कर सकते। आयोग ने चेतावनी दी कि ऐसी कार्रवाइयों से हजारों पात्र मतदाताओं का उत्पीड़न हो सकता है। नियम 20(3)(बी) का हवाला देते हुए आयोग ने बताया कि गलत तरीके से नाम शामिल करने का आरोप लगाने वाले किसी भी व्यक्ति को शपथ लेकर सुबूत पेश करने होंगे।

आयोग ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाने वालों को अपने दावे औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित घोषणापत्र के साथ प्रस्तुत करने की चुनौती दी। कहा कि यह कानूनी सुरक्षा मतदाताओं को राजनीतिक रूप से प्रेरित हस्तक्षेप से बचाती है। चुनाव आयोग प्रत्येक पात्र मतदाता के साथ था, है और हमेशा खड़ा रहेगा। आयोग ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रारूप मतदाता सूची पर लोगों से कुल 17,665 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 454 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। हालांकि 13 दिनों बाद भी किसी राजनीतिक दल ने कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की है।

## चार अक्टूबर से बैंकों से कुछ ही घंटों में क्लियर हो जाएंगे चेक, RBI करने जा रहा नया सिस्टम लागू



मुंबई, 14 अगस्त [एजेंसी]।

चार अक्टूबर से बैंक में जमा किए जाने के कुछ ही घंटों के भीतर चेक क्लियर हो जाएगा। आरबीआई ने चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) को कंटीन्युअस क्लिरिंग एंड सेटलमेंट ऑन रियलाइजेशन में परिवर्तित करने का ऐलान किया। इससे बैंक में चेक क्लियर होने की अवधि दो दिन से घटकर केवल कुछ ही घंटे रह जाएगी।आरबीआइ की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि नए सिस्टम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहला चरण चार अक्टूबर, 2025 से तीन जनवरी, 2026 के बीच लागू होगा, जबकि दूसरा चरण तीन जनवरी के बाद से लागू होगा। आरबीआई ने नए सिस्टम के काम करने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसमें केवल एक प्रेजेंटेशन सेशन होगा, जिसमें चेक को सुबह 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक पेश करना होगा। इसके तहत चेक प्राप्त करने वाली बैंक को चेक को स्कैन करके क्लिरिंग हाउस को भेजना होगा। इसके बाद क्लिरिंग हाउस उस चेक की इमेज को राशि अदा करने वाले बैंक के पास भेजेगा। इसके बाद उस चेक पर सकारात्मक या नकारात्मक टिप्पणी के लिए सुबह 10 बजे से लेकर शाम सात बजे तक का समय होगा।इसमें राशि अदा करने वाले बैंक को उस चेक पर सकारात्मक या नकारात्मक टिप्पणी देनी होगी। यहां बड़ी बात यह है कि हर चेक का एक आइटम एक्सपायरी टाइम होगा, जिस समय तक टिप्पणी देनी आवश्यक है। आरबीआई ने बताया कि कंटीन्युअस क्लिरिंग एंड सेटलमेंट आन रियलाइजेशन के पहले चरण में सभी बैंक के लिए चेक के क्लियर करने का आइटम एक्सपायरी टाइम शाम सात बजे निर्धारित किया गया है।निर्धारित समय तक अगर बैंक अपनी टिप्पणी नहीं देते हैं तो चेक को स्वीकृत माना जाएगा और निपटान के लिए शामिल कर लिया जाएगा।

दूसरे चरण में यह घटकर तीन घंटे का रह जाएगा। इसका मतलब यह है कि बैंक को चेक पेश होने के तीन घंटे के अंदर उसे क्लियर करना होगा। उदाहरण देते हुए आरबीआई ने कहा कि आहर्ता बैंकों द्वारा सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे के बीच प्राप्त चेकों की पुष्टि उन्हें दोपहर 2.00 बजे (सुबह 11.00 बजे से 3 घंटे) तक सकारात्मक या नकारात्मक रूप से करनी होगी। जिन चेकों की पुष्टि आहर्ता बैंक द्वारा निर्धारित तीन घंटों में नहीं की जाती है, उन्हें दोपहर 2.00 बजे स्वीकृत माना जाएगा और निपटान के लिए शामिल किया जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी DRDO कर्मी ने पाकिस्तान को दी थी जानकारी मोबाइल में मिले जासूसी के पुख्ता प्रमाण

**जयपुर।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में चार अगस्त को जैसलमेर से गिरफ्तार डीआरडीओ के गेस्ट हाउस प्रबंधक महेंद्र प्रसाद ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और बाद में भी उसने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से सुरक्षा से संबंधित जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर्स को दी थी। सीआइडी और अन्य एजेंसियों की पूछताछ में उसने बताया कि इसमें गेस्ट हाउस में ठहरे सैन्य अधिकारियों व डीआरडीओ के विज्ञानियों की गतिविधियों के साथ अधिकारियों की पहचान और पाकिस्तान के खिलाफ रणनीति की जानकारियां शामिल थीं। इसके बदले उसे पैसे मिलते थे। महेंद्र को सीआइडी की टीम ने बुधवार को जयपुर स्थित विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर भेजा गया है। बता दें कि जैसलमेर स्थित चांधना फायरिंग रेंज में सैन्य अभ्यास और मिसाइल परीक्षण के दौरान अधिकारी और विज्ञानी डीआरडीओ के गेस्ट हाउस में ही ठहरते हैं।

## देर रात तेजस्वी यादव ने फोड़ा एक और बम, अब ?????? सांसद के वोटर आईडी कार्ड में फर्जीवाड़े का खुलासा



पटना, 14 अगस्त [एजेंसी]।

बिहार में मतदात-सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने निर्वाचन आयोग पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने देर रात एक्स पर एक पोस्ट किया जिसमें बताया कि एनडीए सांसद वीणा देवी जो वैशाली से एनडीए की सांसद है। उनके दो अलग अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो अलग-अलग वोट है।इतना ही नहीं तेजस्वी यादव ने सबूत के तौर पर दो फोटो भी पोस्ट किए। तेजस्वी यादव ने पोस्ट कर बताया कि वैशाली से एनडीए की सांसद वीणा देवी के पास एक दो अलग अलग ???????- ????? और ???????? है। इनके दो अलग-अलग जिलों के दो अलग-अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो अलग-अलग वोट है।आगे बताया कि वीणा देवी की दो अलग-अलग ???????? कार्ड में इनकी दो अलग-अलग उम्र है। ?????? में इन्होंने दो अलग अलग गणना फॉर्म भरे। साथ ही बताया मतदाता सूची पुनरीक्षण में इन्होंने दो अलग अलग फॉर्म पर दो अलग अलग साइन किए होंगे। मंगलवार को मीडिया से तेजस्वी ने कहा कि वे एसआईआर का नहीं, बल्कि इसकी प्रक्रिया का विरोध कर रहे। जिस तरीके से एसआईआर हो रहा, वह वस्तुतः गरीब व कमजोर वर्गों से वोट का अधिकार छीनने का षड्यंत्र प्रतीत हो रहा।उन्होंने निर्वाचन आयोग पर संवैधानिक संस्था के रूप में आयोग अपनी स्थिति के दुरुपयोग का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा अपने हित में चुनाव आयोग का उपयोग कर रही। आयोग द्वारा विपक्षी महागठबंधन की शिकायतों व अपेक्षाओं की अनदेखी की जा रही।आगे तेजस्वी ने कहा कि कई मतदाताओं के नाम मतदाता-सूची से हटाए जा रहे हैं। उनमें अधिसंख्य रोजी-रोटी के लिए बाहर गए लोग हैं। हमें हटाए गए नामों की सूची श्रेणीवार नहीं दी जा रही। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान-पत्र हैं।

हमने तो मामले को भी निर्वाचन आयोग के हवाले कर दिया है।17 अगस्त से बिहार में होने वाली राहुल-तेजस्वी की यात्रा का प्रमुख मुद्दा भी एसआइआर ही है। मुद्दे पर पटना में महागठबंधन के नेता विरोध-प्रदर्शन भी कर चुके हैं, जिसमें राहुल गांधी भी सहभागी हुए थे। राजद सहित महागठबंधन के बाकी घटक दल एसआइआर के समय पर पहले दिन से ही आपत्ति जता रहे हैं। उनका कहना है कि एसआईआर या तो लोकसभा चुनाव के तत्काल बाद हुआ होता या विधानसभा चुनाव के बाद होता।

## एसबीआई का बड़ा झटका, 25000 से ज्यादा के आईएमपीएस पर वसूलेगा चार्ज



नईदिल्ली, 14 अगस्त [एजेंसी]।

देश का सबसे बड़ा बैंक SBI इंस्टेंट पेमेंट सर्विस के जरिये फंड ट्रांसफर यानी धन हस्तांतरण पर 15 अगस्त से शुल्क वसूलेगा। हालांकि यह नाम मात्र का होगा। अब 25,000 रुपए से एक लाख रुपए तक के ऑनलाइट ट्रांसफर पर दो रुपए, एक से दो लाख रुपए के ट्रांसफर पर छह रुपए और दो से पांच लाख रुपए भेजने पर 10 रुपए का शुल्क (जीएसटी अतिरिक्त) लगेगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार, बैंक शाखा के जरिए IMPS लेनदेन पर लगने वाले शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सैलरी पैकेज खाताधारकों को ऑनलाइन IMPS लेनदेन पर पूरी छूट मिलती रहेगी।कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए संशोधित शुल्क 8 सितंबर, 2025 से लागू होंगे। इसके साथ ही चालू खाता श्रेणी (गोल्ड, डायमंड, प्लेटिनम, रोडियम, सरकारी विभाग, स्वायत्त/वैधानिक निकाय) को ऑनलाइन IMPS पर शुल्क से छूट मिलती रहेगी। उधर, निजी क्षेत्र के बैंक ICICI ने ग्राहकों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया के बाद बचत खातों में न्यूनतम मासिक राशि की सीमा को 50,000 रुपए से घटाकर 15,000 रुपए कर दिया है। बैंक ने एक अगस्त से महानगरों में खुलने वाले नए बचत खातों के लिए यह सीमा 10,000 से पांच गुना बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दी थी। बैंक के मुताबिक, संशोधित मानकों के तहत कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए न्यूनतम मासिक औसत बैलेंस क्रमशः 7,500 एवं 2,500 रुपए कर दिया गया है जो एक अगस्त से पहले क्रमशः 5,000 एवं 2,000 रुपए था।

हालांकि नई शर्तें वेतन खातों, वरिष्ठ नागरिकों/पेंशनभोगियों, बुनियादी बचत बैंक जमा खाता/प्रधानमंत्री जनधन योजना और विशेष जरूरत वाले लोगों के खातों पर लागू नहीं होंगी। इसके साथ ही 31 जुलाई, 2025 से पहले बैंक में खोले गए बचत खातों पर भी इन बदलावों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।कम बैलेंस होने पर बैंक छह प्रतिशत या अधिकतम 500 रुपए (जो भी कम हो) का जुर्माना वसूल सकता है।

## बंगाल के सिनेमाघरों में रोज एक बांग्ला फिल्म दिखाना अनिवार्य, ममता सरकार ने जारी किया आदेश



**कोलकाता।** बंगाल के सभी सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में पूरे वर्ष प्राइम टाइम में प्रतिदिन कम से कम एक बांग्ला फिल्म दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस बाबत राज्य के सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग की ओर से बुधवार को निर्देश जारी किया गया है।प्राइम टाइम का अर्थ दोपहर तीन बजे से रात नौ बजे तक है। यह निर्देश बंगाल फिल्म अधिनियम 1954 के अनुसार जारी किया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि इस संबंध में संबंधित कानून में संशोधन किया जाएगा।ममता सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह निर्देश जारी होने के क्षण से ही लागू होगा और नया निर्देश जारी होने तक प्रभावी रहेगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर तृणमूल ने भाषा आंदोलन भी शुरू किया है। ममता का कहना है कि बंगाल के लोगों पर अत्याचार इसलिए हो रहा है क्योंकि बांग्ला भाषा बोलते हैं। कई लोगों का मानना है कि यह निर्देश उसी से संबंधित है।

## 15 अगस्त से पहले घाटी में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

### कुपवाड़ा में पाक से आए हथियारों और नशीले पदार्थों का जखीरा बरामद



श्रीनगर, 14 अगस्त [एजेंसी]।

सेना के जवानों ने अपने आतंकरोधी अभियान को जारी रखते हुए स्वतंत्रता दिवस से पहले बुधवार को कुपवाड़ा में गुलाम जम्मू-कश्मीर से आई हथियार और 16 पैकेट ब्राउन शुगर की एक खेप बरामद की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को अपने तंत्र से पता चला था कि जिला कुपवाड़ा में एलओसी के साथ सटी आवूरा घाटी के जंगल में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं और आतंकियों के लिए हथियारों की एक खेप पहुंचने की सूचना है। इसके आधार पर पुलिस ने सेना को सूचित किया और उसके बाद संबंधित इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया गया। लगभग छह घंटे की कड़ी मेहनत के बाद जवानों ने एक जगह बने आतंकी ठिकाने का पता लगाया।

जवानों ने आतंकी ठिकाने से नौ कारतूस व दो मैगजीन समेत एक नौ एमएम की पिस्तौल, एके 47 राइफल की तीन मैगजीन, 260 कारतूस, चार यूबीजीएल ग्रेनेड, एक आईईडी, पांच मीटर माइन वायर, तीन हैंड ग्रेनेड (पाकिस्तान निर्मित), एक पिट्ठू बैग और उर्दू में पाकिस्तानी पता लिखा एक हैंडबैग, दो डेटोनेटर, तार के साथ 30 माइन फ्यूज, एक इलेक्ट्रिक मशीन (अज्ञात उपकरण), दो बैटरी कनेक्टर व 16 पैकेट ब्राउन शुगर बरामद किए। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि सामान को कब्जे में लेने के बाद जवानों ने आतंकी ठिकाने का नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि यह सामान कुछ ही दिन पहले एलओसी पार से इस तरफ तस्करी के जरिए लाए जाने की संभावना है और इसे वादी के भीतरी इलाकों में पहुंचाया जाना था। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एक साथ शराब पी, विवाद के बाद दोस्त का गला रेता

## कोतवाली में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया, आरोपी की तलाश जारी

**कोरबा।** नशामुक्ति अभियान के बीच भी जिले में शराब का दुष्प्रभाव सामने आ रहा है। पावर सिटी कोरबा के सर्वमंगला फोकटपारा इलाके में बुधवार रात शराब पीने के दौरान दो दोस्तों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक ने दूसरे का गला चाकू से रेत दिया। पीड़ित को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपी घटना के बाद से फरार है। कोतवाली पुलिस ने मामले में धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज किया है और उसकी तलाश तेज कर दी है।

बुधवार रात करीब 10 बजे यह वारदात फोकटपारा में हुई। पुलिस के अनुसार, पीड़ित मुकेश दुबे और आरोपी निकोलस पाल दोनों पुराने दोस्त हैं और इसी क्षेत्र में रहते हैं। घटना के समय दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद बढ़ने पर निकोलस ने अपने पास रखे चाकू से मुकेश के गले पर



वार कर दिया।हमले से मुकेश लहूलुहान हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए निगरानी में रखा है। कोतवाली थाना प्रभारी बी. पटेल ने बताया कि आरोपी निकोलस पाल पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। वारदात के बाद से वह फरार है। पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी है और गुप्तचर तंत्र को सक्रिय कर दिया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा

# टूटी नालियों से समस्या, होटलों की गंदगी से और बढ़ी परेशानी

## कटघोरा के बस स्टैंड शॉपिंग काम्प्लेक्स की अव्यवस्था से लोग हलाकान

**कोरबा।** कोरबा जिले के सबसे बड़े कसबे कटघोरा स्थित बस स्टैंड का शॉपिंग कंपलेक्स व्यवस्था का शिकार है। संरक्षण की कमी और जरूरी सुधार नहीं किए जाने से समस्या बढ़ती जा रही है। होटल से निकलने वाले अपशिष्ट के कारण अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम लॉक हो गया है और इस वजह से गंदगी में बढ़ोतरी हो रही है।छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा के अलावा बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश के लिए यात्री बसों का कनेक्शन कटघोरा से होकर यात्रियों को मिलता है। इस लिहाज से देखा जाए तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए कटघोरा बस स्टैंड जंक्शन पॉइंट बना हुआ है। प्रतिदिन हजारों लोगों को आवागमन यहां से होकर अपने गंतव्य के लिए गुजरना होता है। स्थानीय स्तर पर यात्रियों को सुविधा देने के लिए नगर पालिका परिषद और प्रशासन की ओर से पिछले वर्षों में व्यवस्थित बस स्टैंड के साथ यहां पर प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही यात्रियों की जरूरत की पूर्ति के लिए शॉपिंग कंपलेक्स भी तैयार कराया गया, जहां से कई प्रकार की सुविधा उन्हें प्राप्त हो रही है। खबर के अनुसार अलग-अलग कारणों से बस स्टैंड क्षेत्र में निर्मित परिसर की नालियां टूट-फूट का शिकार हो गई है। ऐसे में गन्दे पानी की निकासी बाधित हो रही है। वहीं आसपास की होटल से निकलने वाला गंदा पानी यहां से होकर आगे नहीं जाने के चक्कर में पूरे इलाके को प्रदूषित कर रहा है। इसके चलते यात्रियों के साथ-साथ व्यावसायिक परिसर के कारोबारी परेशान है। बताया गया कि नालियों के सुधार को लेकर आवश्यक रूप से ध्यान ना तो पहले दिया गया और ना वर्तमान में जरूरत समझी जा रही है। इस वजह से परेशानियां का दायरा और बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि क्या महामारी का फैलाव होने के बाद इस तरफ ध्यान दिया जाएगा।

# साकेत भवन में महापौर करेंगी ध्वजारोहण

**कोरबा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत साकेत भवन में ध्वजारोहण करेंगी। इस अवसर पर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण के साथ-साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में प्रातः 7.00 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ध्वजारोहण करेंगी।महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नागरिक बंधुओं को स्वतंत्रता दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं

## कांग्रेस कार्यालय में जयसिंह करेंगे ध्वजारोहण



**कोरबा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को गांधी चैक कोरबा में स्वतंत्रता दिवस, धुमधाम के साथ मनाया जावेगा । जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय नत्थुलाल यादव एवं मनोज चैहान ने बताया कि 15 अगस्त, दिन - शुक्रवार को प्रातः 7.30 बजे, गांधी चैक कोरबा में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में स्वतंत्रता दिवस मनाया जावेगा । जिला अध्यक्ष द्वय ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक, सेवादल, पार्षदगण, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, पार्षद प्रत्याशियों, पूर्व पार्षदगण सहित कांग्रेस परिवार कोरबा को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

# पतंजलि चिकित्सालय में निःशुल्क चिकित्सा व परामर्श मिलेगा 15 को

## विभिन्न जटिल रोगों के समाधान के लिए लोगों को मिलेगा विकल्प

**कोरबा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वाधान में मधुमेह रक्त शर्करा जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद एक्यूप्रेसर योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर15 अगस्त को पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय महानदी निहारिका रोड कोरबा में प्रातः 11 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है।



योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित

शिविर के विषय मे शिविर प्रभारी नेत्रनंदन साहू ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक अनुभव रखने वाले प पतंजलि छत्तीसगढ़ प्रांत की ख्यातिलब्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञा नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा तथा नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा एवं श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे।साथ ही शिविर में आये रोगियों की रोगों से संबंधित रोगोपचार हेतु एक्यूप्रेसर पॉइंट की निशुल्क जानकारी तथा उपचार पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय वेलनेस सेंटर पंचकर्म चिकित्सालय के पंचकर्म एक्यूप्रेसर थेरेपिस्ट डॉ.राजकुमार पटेल द्वारा किया जायेगा। शिविर में शिविरार्थियों को निशुल्क औषधि देने के साथ साथ मधुमेह रोगियों की रक्त शर्करा की जांच भी निःशुल्क की जाएगी। साथ ही रोगियों को उनके रोगोपचार संबंधी लाभकारी दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार, विहार, योग-प्राणायाम के विषय मे व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श भी दिया जाएगा ।साथ ही शिविर में आये रोगियों को उपयोगी लाभकारी स्वास्थ्य पुस्तिका भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर प्रभारी नेत्रनंदन साहू ने अंचलवासियों से स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर आयोजित इस विशेष निशुल्क आयुर्वेद एक्यूप्रेसर योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में पंजीयन कराने हेतु मो.नंबर 9826111738 पर संपर्क कर जांच हेतु निर्धारित समय प्राप्त किया जा सकता है जिससे शिविरार्थियों को असुविधा न हो ।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**कोरबा।** कोरबा जिले की पाली पुलिस ने 4-6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ जेल का रास्ता दिखा दिया है। घटना को अंजाम देने के बाद से है फरारी काट रहा था। पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि गजेंद्र सिंह पुलस्त चेपा का रहने वाला है।

पिछले दिनों उसके द्वारा अपने इलाके में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। एक किशोरी को जहां से में लेने के बाद उसके साथ आनाचार किया गया। पीड़िता को यह कहकर धमकी दी गई कि अगर उसने इस बारे में किसी से बातों को शेयर किया तो इसके बुरे अंजाम होंगे। पीड़िता ने धमकी को किनारे करते हुए अपने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी और फिर इसके पश्चात पाली पहुंचकर पुलिस के पास मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेने के साथ पुलिस के द्वारा तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट रजिस्टर्ड की गई और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कोशिश प्रारंभ की गई ।

थाना प्रभारी ने बताया कि कार्रवाई के डर से आरोपी लगातार फरारी काट रहा था। उसकी खोजबीन के लिए पुलिस ने अपना प्रयास जारी रखा । इसके अलावा लोकल इंटेलिजेंस को भी इस काम में लगाया। एक सूचना प्राप्त होने पर पुलिस के द्वारा दबिश दी गई और आरोपी गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। कटघोरा कोर्ट में पेश करने के साथ उसके अपराध की जानकारी दी गई। जिस पर न्यायाधीश ने आरोपी के कारनामे को गंभीरता से दिया और उसे जेल भेजने का आदेश दिया।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत लिया गया सामूहिक संकल्प

**कोरबा।** श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में दिनांक 13 अगस्त 2025 को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कोरबा, राज्य छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश को नशा मुक्त करने हेतु महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री सुनील जैन जी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.के. झा जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. मो. वसीम अकरम द्वारा सामूहिक संकल्प दिलाया गया एवं नशे के दुष्प्रभाव से आज की युवा पीढ़ी को अवगत कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गौरी वानखेडे ने छात्राओं द्वारा तैयार पोस्टर के माध्यम से विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर अंगदान महादान के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आज की युवा पीढ़ी किस तरह से नशे के गिरफ्त में आ रही है तथा किस तरह नशे से दूर रहकर अपने जीवन में अनुशासन को अपनाकर सफल हो सकते है इस पर भी चर्चा की गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मो. वसीम अकरम द्वारा किया गया।

# झमाझम बारिश के बीच छाते की मदद से की पूजा

कोरबा। भादो का महीना भी कोरबा जिले के लिए कृषि और दूसरी जरूरत के लिए वरदान साबित हो रहा है। हलषष्ठी पूजा करने वाली महिलाओं को आज बरसते पानी के बीच छाता का सहारा लेना पड़ गया। विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की तस्वीर नजर आई।



कोरबा जिले में सावन का महीना अनुकूल रहा और भादो की शुरुआत से ही मौसम के तेवर आक्रामक बने हुए हैं। औसत बारिश अभी भी अपने ग्राफ के आसपास नहीं पहुंच सकी हैं। इधर हर दिन बारिश की उपस्थिति कोरबा के साथ-साथ अप नगरी क्षेत्र और आसपास में दर्ज हो रही है। इस पर भी उमस अपने स्थान पर कायम है। कमर छठ के दिन भी मौसम मेहरबान रहा। कहीं पर धूप खिली रही तो कोईलांचल दीपिका सहित विभिन्न क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। बारिश के सिलसिले ने जब कोई राहत नहीं दी तो आखिरकार महिलाओं को छाता लेकर पूजा अर्चना करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि इस तरह की स्थिति कोई पहली बार नहीं बनी इससे पहले भी कुछ मौका पर ऐसे हालात बन चुके हैं। महिलाओं ने मीडिया से बातचीत में है जानकारी दी। बारिश के मौसम में होने वाली दिक्कतों के बावजूद मान्यताओं के अंतर्गत व्रत और त्योहार मनाने का उत्साह है कुछ अलग ही होता है और यह हलषष्ठी पर दिखाई दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने पौराणिक कथा श्रवण की और अंत में आरती के साथ संतान के दीर्घ जीवन की कामना की।

## कोरबा भाजपा मंडल ने तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन

**कोरबा।** मोर तिरंगा मोर अभियान घर-घर तिरंगा अभियान के तहत कोरबा भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया जिसमें कोरबा जिले के भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष गोपाल मोदी शामिल हुए यह रैली कोरबा के सीतामढ़ी चौक से प्रारंभ की गई जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी बाइक में सवार होकर रैली का नेतृत्व करते हुए रैली को दिशा दिखाते रहे यह रैली कोरबा के पुराना बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर, सीएसईबी चौक, बुधवारीबाजार होते हुए घंटाघर ग्राउंड में समाप्त हुई ।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को पुण्यतिथि पर भाजपा ने किया नमन

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी कोसाबाड़ी मंडल के तत्वावधान में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि के अवसर पर आज नमन एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन रिश्दी चौक स्थित पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशनल हॉल में संपन्न हुआ, जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, सेवा और जनकल्याण की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने अपने शासनकाल में धार्मिक एवं सामाजिक नव निर्माण के कार्यों से समाज में अमिट छाप छोड़ी, जो आज भी प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, अजय विश्वकर्मा, श्री प्रकाश अग्रवाल, पुनीराम साहू, मिलाप बारेठ, श्रीधर द्विवेदी, राजेश सोनी, दिनेश वैष्णव, पवन सिन्हा, संजू शर्मा, शिव चंदेल, पंकज देवांगन, मंजू सिंह, मनोरमा शर्मा, लालेश दुबे, स्वाति कश्यप, अनिल वस्त्रकर, गुलजार सिंह, नीरज सिंह, श्याम साहू, मदन साहू एवं भजन कंवर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।वक्ताओं ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए समाज में नैतिकता, सेवा और न्याय के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन भाजपा कोसाबाड़ी मंडल द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमजेएम अस्पताल में बेटी के जन्म पर आपरेशन चार्ज नही

कोरबा। आज़ादी का पर्व सिर्फ तिरंगे और परेड तक सीमित नहीं, यह संकुचित सोच की आज़ादी का भी प्रतीक है। इसी सोच को नई उड़ान देने के लिए कोरबा स्थित एम.जे.एम. हॉस्पिटल ने एक दिल छू लेने वाली पहल शुरू की है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त से 31 अगस्त तक अस्पताल में 'लाड़ली स्वागत उत्सव' मनाया जाएगा, जिसमें बेटियों के जन्म पर ऑपरेशन चार्ज पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।गरीबों के डॉक्टर के नाम से प्रख्यात डॉ. प्रिंस जैन जो इस अस्पताल के संचालक है उनका कहना है कि बेटी का जन्म सिर्फ एक परिवार के लिए खुशी का पल नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का अवसर है। हम




चाहते हैं कि हर परिवार बेटी के जन्म को एक त्योहार की तरह मनाए और इस सोच को आगे बढ़ाए, हम इसी सोच को आगे बढ़ाने का एक छोटा सा प्रयास कर रहे है ।इस योजना का उद्देश्य बेटियों के जन्म को लेकर समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करना है। कई बार आर्थिक कारणों से परिवार ऑपरेशन के खर्च को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन हॉस्पिटल का यह कदम उन परिवारों के लिए राहत और खुशी दोनों लेकर आएगा।अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दुर्गा बदकारे ने कहा, हमारे लिए बेटी का जन्म एक आशीर्वाद है।



# देश के साथ मजबूती से खड़े हो नागरिक : मेयर

**कोरबा।** स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष में कोरबा नगर में सीएसईबी खेल मैदान से सद्भावना दौड़ का शुभारंभ महापौर संजू देवी राजपूत ने किया। सद्भावना दौड़ में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खिलाड़ी और नागरिक शामिल हुए। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा तक पहुंचाने के बाद सभी धावक शुरुआती बिंदु पर पहुंचे जहां इसका समापन हुआ। मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत महापुराण सद्भावना दौड़ में भागीदारी करने वालों को पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने इस अवसर पर अपनी बात रखी और सभी लोगों को भारत के 79 वे स्वाधीनता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत स्वाधीनता में अनगिनत लोगों ने अपना योगदान दिया। वर्तमान में कई प्रकार की चुनौतियां देश के सामने है इसलिए लोगों का कर्तव्य है कि वह हर स्थिति में अपने देश के साथ मजबूती से खड़े हो।









**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
अमर सुमार सिंह मरकाम – सरपंच
मो. हसन – सचिव
ग्राम पंचायत, पाली पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती प्रमिला कंवर – सरपंच
बाबू सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, दर्राभाठा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती अनिता देवी तंवर – सरपंच
सहसराम नेताम – सचिव
ग्राम पंचायत, पोड़ीखुर्द पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
राजू राम मरावी – सरपंच
मोती लाल – सचिव
ग्राम पंचायत, कोरबी पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
विष्णु आयम – सरपंच

त्रिभुवन सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, झिनपुरी पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
मनोज कुमार तिग्गा – सरपंच
कैलाश कंवर – सचिव
ग्राम पंचायत, खम्हारमुडा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती दिल कुंवर आर्मो – सरपंच
अशोक निषाद – सचिव
ग्राम पंचायत, छिंदिया पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
मटुक लाल – सरपंच
जनम प्रसाद – सचिव
ग्राम पंचायत, दम्हामुड़ा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती कलाश पुरन सिंह श्याम – सरपंच
देवकुमार कामडे – सचिव
ग्राम पंचायत, सिरमिना पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती रीता कृष्ण कुमार पुलस्त – सरपंच
अमृतलाल – सचिव
ग्राम पंचायत, नवापारा सि. पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती गायत्री सोनसाय आयम – सरपंच
अमृतलाल – सचिव
ग्राम पंचायत, सिमगा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती शमिबाई बिंझवार – सरपंच
लक्ष्मण सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, घोसरा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
लाल बहादुर सिंह – सरपंच
भरतभूषण – सचिव
ग्राम पंचायत, लाद पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती रामकुंवर – सरपंच
मो.हसन – सचिव
ग्राम पंचायत, धुंवापुर पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती विराजोबाई – सरपंच
दिल सिंह आडिल्य – सचिव
ग्राम पंचायत, धजाक पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती परमीला बाई – सरपंच
भरत पटेल – सचिव
ग्राम पंचायत, मदनपुर पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती चन्द्रवती पैकरा – सरपंच
राकेश चुवन – सचिव
ग्राम पंचायत, अरसिया पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती कुन्ती सिंह बिंझवार – सरपंच
कांशीराम – सचिव
ग्राम पंचायत, केन्दई पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
परमल सिंह कंवर – सरपंच
वेंकटरमन प्रताप – सचिव
ग्राम पंचायत, साखो पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
मानसिंह मरकाम – सरपंच
कैलाश सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, बनिया पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
जवाहर सिंह – सरपंच
सोहन सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, परला पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती रितूराधा सिदार – सरपंच
विनोद मिश्रा – सचिव
ग्राम पंचायत, लमना पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
प्यारो बाई बिंझवार – सरपंच
निर्मलदास मानिकपुरी – सचिव
ग्राम पंचायत, चोटिया पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
कृष्ण कुमार धनुहार – सरपंच
सुरेश कुमार लारिया – सचिव
ग्राम पंचायत, घुमानीडांड पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
अर्जुन सिंह नेटी – सरपंच
अशोक दास – सचिव
ग्राम पंचायत, मेरई पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती फूलमनि शिवनंद कुजूर – सरपंच
सुरेश मिर्री – सचिव
ग्राम पंचायत, पचरा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती अमृता बाई – सरपंच
गोपाल सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, सलिहाभाठा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
कवल सिंह श्याम – सरपंच
विशाल सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, बनखेता पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
अनग विलास सिंह – सरपंच
विरेंद्र कुमार – सचिव
ग्राम पंचायत, पुटुवा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
गोविंद सिंह तंवर – सरपंच
विनोद कुमार – सचिव
ग्राम पंचायत, बरबसपुर पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
विमा सिंह – सरपंच
छत सिंह पैकरा – सचिव
ग्राम पंचायत, तुमान पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
जजमान सिंह कंवर – सरपंच
बबुआ राम – सचिव
ग्राम पंचायत, खोडरी तु पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती मनोज बाई कंवर – सरपंच
देवशंकर – सचिव
ग्राम पंचायत, अमलडीहा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
छत्रपाल कंवर – सरपंच
श्रीमती लक्ष्मीन मरावी – सचिव
ग्राम पंचायत, अमझर अ पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
नंद किशोर ओड़े – सरपंच
जयरतन सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, कुटेशरनगोई पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती दीप कंवर – सरपंच
चंद्रिका प्रसाद – सचिव
ग्राम पंचायत, बरतराई पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती प्रभा नागवंशी – सरपंच
दीपक कुमार सारथी – सचिव
ग्राम पंचायत, लखनपुर पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
ज्योतिभूषण पोर्ते – सरपंच
रविन्द्र कुमार नेटी – सचिव
ग्राम पंचायत, नगोईबछेरा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
प्रदीप कुमार सिंदराम – सरपंच
मुकुन्द सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, रामपुर ता. पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती अमिता राज – सरपंच
कार्तिकराम – सचिव
ग्राम पंचायत, कोनकोना पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
चन्द्रकला पोर्ते – सरपंच
कन्हैया लाल – सचिव
ग्राम पंचायत, लेपरा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती हेमलता रोशन बघेल – सरपंच
रविंद्र कुमार – सचिव
ग्राम पंचायत, गुरसिया पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती राज कुमार – सरपंच
रविंद्र कुमार – सचिव
ग्राम पंचायत, बंजारी पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
गुरबहार टोप्पो – सरपंच
गोपाल सिंह – सचिव
ग्राम पंचायत, सरभोका पोड़ी


**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती शांति धनुहार – सरपंच
सूरज जायसवाल – सचिव
ग्राम पंचायत, एतमानगर पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
धनेश्वर सिंह ओरकेरा – सरपंच
मो. हसन – सचिव
ग्राम पंचायत, लालपुर पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
रामेश्वर सिंह कंवर – सरपंच
मनहरण दीवान – सचिव
ग्राम पंचायत, गुडरुमुड़ा पोड़ी

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
श्रीमती सुशीला कंवर – सरपंच
देवनारायण – सचिव
ग्राम पंचायत, बांझीबन पोड़ी

**उपसरपंच एवं ग्राम पंचायत के सभी पंचगणों की ओर से स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com